14 लाख के गबन का मामला दर्ज

बीकानेर, (कासं)। महिलाओं को लोन दिलाकर उनसे किश्तें ले ली गई लेकिन फायनेंस कंपनी में जमा नहीं कराई। कंपनी के अधिकारियों ने फील्ड विजिट की तो 14 लाख रूपए का गबन उजागर हो गया।

तेलंगाना में हैदराबाद की स्पन्दना स्फूर्ति फायनेंशियल लि. कंपनी घरेलू महिलाओं को विकास के लिए सहयोग करती है और जरुरतमंद महिलाओं को लोन उपलब्ध कराती है। कंपनी की ओर से खाजूवाला और आसपास के एरिया में ब्रांच मैनेजर और लोन ऑफिसर नियुक्त किए गए थे जो महिलाओं का समूह बनाकर ग्रुप लोन स्वीकृत कराते थे। आरोप है कि इन ब्रांच मैनेजर और लोन ऑफिसर ने महिलाओं को लोन दिलाया और उनसे किश्तें लेनी शुरू कर दी। किश्तों की एंट्री उनकी डायरी में भी की, लेकिन रकम कंपनी में जमा नहीं कराई। कंपनी के अधिकारियों की ओर से फील्ड विजिट करने पर इसका पता चला और सामने आया कि 14 लाख रूपए का गबन किया गया है। कंपनी के कलस्टर मैनेजर अनिल कुमार सुदा ने 16 नामजद आरोपियों के खिलाफ कंपनी को धोखा देने और 14,02426 लाख रूपए का गबन करने का मामला दर्ज कराया गया है।

मामले की जांच एसआई हरपाल सिंह को सौंपी गई है। बीकानेर में मोतीगढ़ निवासी शाहरूख खान, खाजूवाला निवासी सतीश सिंह, पूगल निवासी अब्दुल राजमान, बंगला नगर निवासी राजेश सुथार, कपूरीसर निवासी रामस्वरूप गोबरा, नागौर निवासी देवेन्द्र सिंह, सीकर निवासी राजकुमार यादव, रामस्वरूप सिंह, सुल्तानराम, अक्षय यादव, झुंझुनूं निवासी मनीष यादव, हनुमानगढ़ के सुभाष अली, मनीष, गौतम व कुर्बान अली शामिल है।

ग्रेन इंडस्ट्री एक्सपो में उद्यमी आधुनिक तकनीक से रूबरू होंगे

बीकानेर, (कासं)। तीन दिवसीय ग्रेन इंडस्ट्री एक्सपो का शुभारंभ शुक्रवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में हुआ। शुभारंभ समारोह में बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा, ब्रह्म गायत्री सेवाश्रम के अधिष्ठाता रामेश्वरानंद तथा जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया मौजूद थे।

- **एक्सपो में राजस्थान सहित विभिन्न प्रदेशों के मशीनरी निर्माताओं की 60 स्टॉल्स लगाई गई है**

बीकानेर में पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में ग्रेन इंडस्ट्री एक्सपो का उद्घाटन करने के बाद जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने अवलोकन किया।

इस अवसर पर विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि बीकानेर में औद्योगिक विकास की अपार संभावनाएं हैं। इसमें परम्परागत तरीके के साथ नई तकनीकों का समावेश होगा तो अच्छे परिणाम आयेंगे। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में बनी इन अत्याधुनिक मशीनों से पैकेजिंग, मूल्य संवर्धन और पैकेजिंग को नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी इनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

जिला कलेक्टर ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा जिले के औद्योगिक विकास की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। राइजिंग राजस्थान जैसे आयोजन ने इसे और अधिक गति दी है। उन्होंने कहा कि बीकानेर में औद्योगिक विकास की संभावनाओं को देखते हुए ऐसे आयोजन समय-समय पर होने चाहिए तथा उद्यमियों द्वारा इनका लाभ लेना चाहिए।

मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र वर्मा ने कहा कि उत्पादन के साथ उसकी गुणवत्ता का ध्यान रखना भी जरूरी है। अत्याधुनिक मशीनें इस दिशा में भी महत्वपूर्ण रहेंगी। रामेश्वरानंद ने कहा कि खेतों में कृषि कार्य करने से लेकर इनकी पैकेजिंग तथा मार्केटिंग से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति को लाभ हो, इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना जरूरी है। बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने बताया कि बीकानेर फूड इंडस्ट्री का हब है। यहां मेगा फूड पार्क और गैस पाइपलाइन मंजूर होने के बाद बड़ी कंपनियां बीकानेर का रूख कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बीकानेर दाल मिल एसोसिएशन के सहयोग से दूसरी बार हो रहे इस आयोजन का उद्यमियों को लाभ मिलेगा।

दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष जयकिशन अग्रवाल ने बताया कि तीन दिवसीय एक्सपो में पंजाब, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान सहित विभिन्न प्रदेशों के मशीनरी निर्माताओं की 60 स्टॉल्स लगाई गई हैं। इसका उद्देश्य बीकानेर के उद्यमियों को अत्याधुनिक तकनीक से रूबरू करवाना है।

हैण्डलूम एवं हैण्डीक्राफ्ट एक्सपो आज से : दीपावली से पूर्व बीकानेर में देश के विभिन्न राज्यों के हैण्डलूम और हैण्डीक्राफ्ट विक्रेता एकत्रित होंगे। जिला कलेक्टर की पहल पर जिला प्रशासन एवं बीकानेर विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में 11 से 18 अक्टूबर तक जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हाट में हैण्डलूम और हैण्डीक्राफ्ट एक्सपो आयोजित होगा। कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने बताया कि एक्सपो में बीकानेर और विभिन्न जिलों सहित 15 राज्यों के परंपरागत हथकरघा और हस्तशिल्पों के विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जायेगा। एक्सपो का उद्घाटन 11 अक्टूबर को सायं 5 बजे होगा।

करवा चौथ का व्रत रखा

बीकानेर, (कासं)। करवा चौथ का पर्व शुक्रवार को मनाया गया। यह व्रत सुहागिन महिलाएं पति की लम्बी उम्र के लिए करती है। महिलाएं करवा चौथ के दिन सांयकाल के बाद निर्जल उपवास रखा। दिनभर उपवास के बाद रात में चौथ का चांद देखने के बाद छलनी में पति का चेहरा देखकर सुहागिनों ने व्रत का पारण किया।

इस बार यह पर्व सिद्धि योग, उच्च के चंद्रमा और कृतिका नक्षत्र के विशेष संयोग मनाया गया। करवा चौथ का यह पर्व शुक्रवार को होना भगवान गणेश और माता महालक्ष्मी की कृपा का प्रतीक है। इस दिन व्रत रखने वाली महिलाओं को दोनों देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होगा। शास्त्रों के अनुसार करवा चौथ को करक चतुर्थी भी कहा जाता है। करवा या करक मिट्टी के उस पात्र को कहते हैं, जिसमें चंद्रमा को जल अर्पित करते हैं। चंद्रोदय दर्शन रात 8:31 बजे हो सकेंगे।

चंद्रमा को जल अर्पित करने से पति-पत्नी के बीच बढ़ता है प्रेम और विश्वास करवा चौथ पर महिलाएं पति की लम्बी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए व्रत किया। पूजा में भगवान शिव, माता पार्वती, कार्तिकेय और भगवान गणेश की विशेष रूप से आराधना की। इस दिन भगवान गणेश के उपवास का भी विशेष महत्व रखता है। कई महिलाएं व्रत का उद्यापन भी करती हैं। करवा चौथ की पूजा में चंद्रमा को अर्ध्य देने का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार चंद्रमा को जल अर्पित करने से पति-पत्नी के बीच प्रेम और विश्वास बढ़ता है। यह पर्व न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। पति-पत्नी के अटूट रिश्ते को मजबूत करता है।

सार-समाचार

डेंगू से बचाव की जानकारी दी

रा. उ. मा. कन्या विद्यालय जस्सूसर गेट में विद्यार्थियों को डेंगू बुखार से बचाव की जानकारी दी।

बीकानेर, (कासं)। राजकीय उच्च माध्यमिक कन्या विद्यालय जस्सूसर गेट में डेंगू बुखार के लक्षण, सावधानी बचाव एवं तम्बाकू, गुटखा के दुष्परिणामें एवं गुड टच बैड टच की जानकारी विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी, महावीर कुमार सहदेव, लक्ष्मण सहदेव द्वारा दी गई। प्रिंसिपल रेणू व्यास, गिरिजा शंकर हर्ष, मनोज व्यास, शिवशंकर सारस्वत व स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को व्यशन मुक्त जीवन जीने तथा घर-परिवार में नशे से परहेज़ रखने की शपथ दिलाई। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डेंगू बुखार, मलेरिया की जानकारी नशा मुक्ति के पोस्टर स्कूल में चस्पा करवाकर बुखार, मच्छर की पहचान, लक्षण व इलाज की जानकारी दी। पोस्टर में डेंगू बुखार को अनदेखा न करें सावधानी बरतें घबराएं नहीं तथा लक्षणों की जानकारी दी गई है। मादा मच्छर दिन में काटती है तथा अधिक ऊंचाई पर उड़ नहीं सकती। शरीर पर लाल चकत्ते होते हैं। जुलाई से अक्टूबर, नवम्बर माह में डेंगू मच्छरों का अधिक प्रकोप रहता है। यह मच्छरों का पनपने का पीक टाइम होता है। पहचान, लक्षण एवं बुखार आने पर विभिन्न सावधानियों एवं तुरंत डाक्टर से सम्पर्क एवं जांच करवाने की जानकारी दी गई है। तेज बुखार, सिरदर्द, चक्कर आना, प्लेटलेट्स कम होना, कमजोरी, बीपी लो होना, जोड़ों में जकड़न, लेट्रिंन में खून, आंखों में दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव लक्षणों की जानकारी सचित्र करवाई गई। डेंगू बुखार का अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर में उत्पन्न होने का पीक टाइम होता है। अभियान के अन्तर्गत स्कूलों,अस्पतालों, दुकानों में डेंगू बुखार जागरूकता के पोस्टर्स भी लगाकर आमजन को जागरूक किया जायेगा।

नेत्र रोगों के उपचार की जानकारी दी

जागरूकता कार्यक्रम में मरीजों को आंखों की बीमारियों व उनके उपचार के बारे में जानकारी दी।

बीकानेर, (कासं)। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मरीजों को आंखों की विभिन्न बीमारियों, उनके उपचार और निदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में नेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू कोचर, डॉ. शिल्पी कोचर, डॉ. नबाब अली, डॉ. अनिल चौहान, डॉ. पूनम भार्गव, डॉ. शाहीन फारुख, डॉ. मनोज कुमारी और डॉ. आरिफ खान के साथ रेजिडेंट चिकित्सकों ने एक पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर रेजिडेंट चिकित्सकों ने आंखों के रखरखाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए। विभाग द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में डॉ. अदिती और डॉ. नितिका को सम्मानित किया गया। वहीं स्लोगन प्रतियोगिता में डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. यतेंद्र पंवार और डॉ. नितिका यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, डॉ. करणवीर ने आंखों के रखरखाव पर एक प्रभावशाली भाषण दिया, जिसमें उन्होंने आंखों की देखभाल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे, जिनमें नेत्रदान सलाहकार विजेन्द्र सिंह, हिमांशु साध, नर्सिंग ऑफिसर महिपाल नेहरा, धर्मेन्द्र सोलंकी और सुदर्शन आदि उपस्थित थे। यह आयोजन आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

बिना सत्यापन 40 संदिग्ध हिरासत में

नोखा, (कासं)। बिना पुलिस वेरिफिकेशन के रह रहे प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस अभियान में नोखा क्षेत्र से एक दर्जन से ज्यादा कारीगरों सहित कुल 40 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। ये अभियान जिला पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह के निर्देश पर चलाया गया। नोखा सीओ हिमांशु शर्मा ने इसका नेतृत्व किया। कार्रवाई के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की गई, जिन्होंने विभिन्न जगहों पर छापेमारी की। हिरासत में लिए गए सभी प्रवासियो को एक बस से थाने लाया गया, जहां उनके दस्तावेजों की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस को कुछ युवकों द्वारा नोखा के पते पर आधार कार्ड बनवाने की जानकारी भी मिली है, जिसकी पड़ताल जारी है। पुलिस ने स्थानीय व्यापारियों और आम जनता को चेतावनी दी है कि वो बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किसी भी व्यक्ति को अपनी दुकान या मकान पर न रखें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद कुछ प्रवासियों के अंडर ग्राउंड होने की खबर भी है। सीआई अरविंद भारद्वाज, एसआई सुरेश भादू और एएसआई राजूराम सहित पुलिस की टीमें बिना वेरिफिकेशन वाले अन्य प्रवासियों की तलाश कर रही हैं।

बयान बदलने के लिए हिस्ट्रीशीटर ने पटवारी को धमकाया

नोखा, (कासं)। पटवारी बजरंग लाल सियाग ने थाने में हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ रिपोर्ट दी है। उन्होंने देशनोक थाने के हिस्ट्रीशीटर नवल किशोर कड़वासरा पर आरोप लगाया है कि वह न्यायालय में गवाही बदलने के लिए उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। यह धमकी एक सार्वजनिक वॉट्सऐप ग्रुप पर वॉयस नोट के जरिए दी गई।

नवल किशोर कड़वासरा देशनोक थाने का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ लगभग 20 मुकदमे दर्ज हैं। पूर्व में उसने बजरंग लाल से 10 लाख रूपए की फिरौती मांगी थी और फिरौती न देने पर उनके घर पर हमला कर जानलेवा हमला भी किया था। इस संबंध में एफआईआर देशनोक थाने में बजरंग लाल के भाई सुभाष सियाग ने दर्ज कराई थी। नवल किशोर इस मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय से सशर्त जमानत पर रिहा हुआ है। जमानत पर छूटने के बाद से नवल किशोर लगातार बजरंग लाल और उनके भाई को धमका रहा था।

- **हिस्ट्रीशीटर नवल किशोर फिरौती मामले में राज. उच्च न्यायालय से सशर्त जमानत पर रिहा हुआ है**
- **कोर्ट में बयान बदलने के लिए वॉट्सएप ग्रुप पर धमकी भरा वॉयस नोट भेजा**

वह न्यायालय में अपने मनमाफिक बयान दिलवाने का दबाव बना रहा था। रात को उसने गांव के एक सार्वजनिक वॉट्सएप ग्रुप पर अपने मोबाइल से एक वॉयस नोट भेजा। इस रिकॉर्डेड वॉयस नोट में उसने बजरंग लाल और उनके परिवार को घर में घुसकर मारने, घर को नष्ट करने की धमकियां दी और अपशब्दों का प्रयोग किया। बजरंग लाल सियाग वर्तमान में पटवार मंडल दावा, तहसील नोखा में कार्यरत हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पेट्रोल भरवाकर भागे युवक गिरफ्तार : अनूपगढ़ में पेट्रोल भरवाकर बिना भुगतान किए फरार हुए दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना अनूपगढ़-रामसिंहपुर रोड पर स्थित गांव 6 पीजीएम के मिड्ढा पेट्रोल पंप पर हुई। दोनों युवक अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाने के बाद मौके से बिना पैसे दिए भाग गए थे।

दो नकबजन से 25 लाख के जेवर बरामद

बीकानेर, (कासं)। नाल थाना पुलिस ने करमीसर गांव के एक मकान में हुई चोरी की वारदात का पर्दाफाश कर दो नकबजनों को गिरफ्तार किया है।

चोरी की वारदात को अंजाम देने वालों में दशनाम मोहल्ला निवासी प्रदीप पुरी उर्फ गटिया (28) और करमीसर निवासी सूरजाराम सारण (33) सारण शामिल थे। दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर करीब 25 लाख रूपये के जेवरात और 82 हजार रूपये नकद बरामद किए गए हैं।

नाल थाने के एसएचओ विकास विश्रोई ने बताया कि दो अक्टूबर की रात करमीसर में नकबजनी का मुकदमा मकान मालिक सुरजाराम ने दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया गया था कि रात को परिवार खाना खाकर सो गया। सुबह उठकर देखा तो घर का पिछला गेट खुला था और अलमारी, बक्सों में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी गायब थी।

1330 किग्रा. खराब मावा नष्ट कराया

बीकानेर, (कासं)। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त के निर्देश अनुसार दीपावली के मद्देनजर 6 से 19 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने बताया कि शुक्रवार को जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने मैसर्स एस एंटरप्राइजेज, करनी इंडस्ट्रीयल एरिया में निरीक्षण एवं नमूनीकरण की कार्यवाही की। फैक्ट्री के निरीक्षण के दौरान सादा एवं रंगीन बनाए हुए खीचिए प्लास्टिक के कट्टों में रखे थे। मौके पर 4 नमूने लिए गए तथा 120 कट्टों में रखे 3 हजार किलोग्राम खीचिए सीज किए गए। खाद्य कारोबारी को खींचियों में 100 पीपीएम से अधिक कलर इस्तेमाल नहीं करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया और साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए।

- **फैक्ट्री के निरीक्षण के दौरान सादा एवं रंगीन बनाए हुए खीचिए प्लास्टिक के कट्टों में रखे थे। मौके पर 4 नमूने लिए गए तथा 120 कट्टों में रखे 3 हजार किलोग्राम खीचिए सीज किए**

डॉ. साध ने बताया कि फलौदी से आ रही पिकअप में मावा जब्त किया गया। दो दिन चली इस कार्यवाही में 7 नमूने लिए गए तथा शेष 1330 किलोग्राम मावे के मालिक के नहीं आने पर मावे को आबादी से दूर जनहित में नष्ट करवाया गया। नमूनों को प्रयोगशाला भिजवाया जायेगा।

जेवर हड़पने व फैक्ट्री पर कब्जा करने का आरोप

बीकानेर, (कासं)। महिला को धोखा देकर उसके रूपए और जेवरात हड़पने तथा रानीबाजार स्थित फैक्ट्री पर कब्जा करने के लिए धमकाने का आरोप लगाते हुए कोटगेट पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

रानीबाजार में बजाज विला निवासी सुजाता बजाज की ओर से कोटगेट पुलिस थाने में दर्ज मुकदमे में बताया गया है कि करीब एक साल पहले नत्थूसर बास निवासी लोकेन्द्र माली और भुट्टों का बास निवासी मुकेश खान के साथ लालगढ़ रेलवे हॉस्पिटल के पास प्राइवेट फायनेंस का ऑफिस खोला था। दोनों ने विश्वास में लेकर उससे और पति ओमप्रकाश के नाम से 500-500 रूपए के स्टाम्प और पेपर पर साइन करा लिए।

अक्टूबर 2024 में लोकेन्द्र ने बहनों की डिलिवरी के बारे में बताया और सोने के जेवरात लेने की आवश्यकता जताई। उसे तेलीवाड़ा से 6.30 लाख रूपए के जेवरात दिलाए। बाद में रूपए मांगे तो टालमटोल करने लगा। 5 माह पूर्व ऑफिस जाकर लोकेन्द्र से रूपए मांगे तो उसने गालियां निकाली। लोकेन्द्र, मुकेश खान, वसीम, रासिद अली और अन्य ने पिस्टल दिखाकर धमकाया और पति व परिवार को जान से मारने की धमकी दी। फर्जी कागजात तैयार कर उधार दिए 12.50 लाख रूपए मांगे। रानीबाजार स्थित फैक्ट्री पर कब्जा करने के लिए कागजात तैयार कर लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच एएसआई राधेश्याम को सौंपी है।

जसरासर में 25 साल बाद रामलीला मंचन

जसरासर, (निसं)। यहां पब्लिक पार्क में रात्रिकालीन रामलीला का आयोजन शुरू हुआ। श्री बजरंग रामलीला कला परिषद बाढ़सर चूरू लगभग पच्चीस साल बाद आयोजन कर रहा है।

रामलीला की शुरूआत ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष भैराज राम ने भगवान राम की आरती के साथ की। यह आयोजन रोज रात 8 बजे से 11 बजे तक चलेगा। पहले दिन के मंचन में कलाकारों ने भगवान विष्णु द्वारा नारदजी का अभिमान भंग करने और नारदजी द्वारा भगवान विष्णु को श्राप देने का प्रसंग प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सुरजाराम, रामनारायण, नंदकिशोर, नागरमल, लक्ष्मी नारायण, ओमप्रकाश, प्रेम कुमार, ईश्वर चंद, कुंभाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

कार्मिक की करंट से मौत, परिजनो ने लगाया धरना

छतरगढ़, (कासं)। छतरगढ़ तहसील के दामोलाई के पास विद्युत निगम की एफआरटी टीम के कार्मिक की फाल्ट निकालते समय करंट लगने से मौत हो गई। इससे आक्रोशित मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने छतरगढ़ की सीएचसी के आगे धरना लगा दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि जिस लाइन पर फाल्ट था, उसकी बिजली नहीं काटी गई। निगम के कार्मिकों ने दूसरी लाइन की बिजली बंद कर दी। इससे एफआरटी 23 साल के कार्मिक चार केडब्लयूएम निवासी सागर राम नायक की करंट लगने से मौत हो गई। उसने फाल्ट वाली लाइन को सही करने के लिए पकड़ लिया। करंट लगने से ही नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई।

- **परिजनों ने आरोप लगाया कि जिस लाइन पर फाल्ट था, उसकी बिजली नहीं काटी गई। निगम के कार्मिकों ने दूसरी लाइन की बिजली बंद कर दी**

वहीं दूसरी जोधपुर डिस्कॉम के जेईएन हरिओम प्रजापत ने बताया कि एफआरटी कार्मिक को मंडी 465 आरडी से कृष्ण नगर जाने वाले 33 केवी की लाइन को सही करना था। वह गलती से शेरपुरा से 465 आने वाली 33 केवी की लाइन पर चढ़ गया। उसमें करंट प्रवाहित हो रहा था।

ऐसे में उसकी करंट लगने से मौत हो गई। ग्रामीणों ने निगम अधिकारियों की लापरवाही से हुई मौत के मामले में जांच करवाने, मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद, एक आश्रित को कंपनी में नौकरी लगाने की मांग पर सुबह सात बजे ही धरना लगा दिया। उन्होंने शव लेने से इनकार कर दिया। सूचना मिलते ही सहायक अभियंता मोतीपुरी, कनिष्ठ अभियंता संदीप कुमार चौधरी, कनिष्ठ अभियंता हरीओम, एफआरटी टीम के सुपरवाइजर संदीप कुमार, थाना प्रभारी अनिल कुमार, सहायक उपनिरीक्षक नंदलाल मौके पर पहुंचे।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/RajKaj Ref No.: 16717120 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 08-10-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 10 में भूखण्डें संख्या का माप 20''गुणा 30'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती बाला शर्मा पत्नी बजरंगलाल व बजरंगलाल पुत्र मंगला राम निवासी गली नं. 02, भाम्भू कॉलोनी, मकान नं. 75, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती बाला शर्मा पत्नी बजरंगलाल व बजरंगलाल पुत्र मंगला राम निवासी गली नं. 02, भाम्भू कॉलोनी, मकान नं. 75, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 56/54 के किला नं. 10 में भूखण्ड संख्या का माप 20''गुणा 30'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 16717120 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

क्रमांक :- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 9.10.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 2 ई छोटी मुरब्बा नं. 49 किला नं. 3 के भूखण्ड संख्या बी-03 क्षेत्रफल 20'-0''× 85'-0'' फीट का आवासीय प्रि होल्ड पट्टा संख्या 25133 दिनांक 15.03.2024 द्वारा मैसर्स मुरलीधर होम डवलपर्स प्रा. लि. जरिये डायरेक्टर श्री हेमन्त सिंगल पुत्र श्री श्याम लाल सिंगल निवासी आरडी-08, रिद्धि सिद्धि एन्कलेव, चक 2 एमएल, श्रीगंगानगर के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 अनुसार एवं जोनल प्लान अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र का भू-उपयोग आवासीय हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नतिहि) / 2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियों की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान/जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनो ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू उपयोग सीधे ही अनुमत है। मास्टर प्लान 2017-35 एवं राजस्थान भवन विनियम 2020 के प्रावधानों के अनुसार मिश्रित भू उपयोग में वाणिज्यिक भू उपयोग अनुज्ञेय है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार एड्हे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूखण्ड का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

डॉ. स्वामी मर्म, कर्म व धर्म को निभाते हुए साहित्य रचते, गढ़ते हैं : कृष्णा आचार्य

बीकानेर, (कासं)। शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान के तत्वावधान में बहुआयामी कवि कथाकार डॉ. शंकरलाल स्वामी की हिन्दी और राजस्थानी की तीन पुस्तकों का लोकार्पण किया गया।

स्वामी सदन में आयोजित लोकार्पण समारोह में डॉ स्वामी के रचनाकर्म पर चर्चा के साथ नगर की संस्थाओं द्वारा अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यंग्यकार संपादक डॉ अजय जोशी ने कहा कि डॉ स्वामी की हिन्दी राजस्थानी कविताओं में माटी की सुगंध है। उन्होंने कहा कि डॉ स्वामी ने अपनी रचनाओं में मौलिक कथ्य, सहज भाषा, आम आवाम की आवाज को अभिव्यक्त किया।

कवि कथाकार डॉ. शंकरलाल स्वामी की तीन पुस्तकों का लोकार्पण मुख्य अतिथि व्यंग्यकार संपादक डॉ. अजय जोशी ने किया।

कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ लेखक अशफाक कादरी ने कहा कि डॉ स्वामी बहुआयामी रचनाकार है। जिन्होंने हिन्दी राजस्थानी में गजल, कविता, दोहे, कहानी, लघुकथा, रेखाचित्र, यात्रा वृतांत, संस्मरण आदि विधाओं में सृजन किया है। उन्होंने कहा कि डॉ स्वामी ने अपने काव्य सृजन में गजल को नए रूप में परिभाषित किया है। विशिष्ट अतिथि डॉ. कृष्णा आचार्य ने कहा कि डॉ. स्वामी मर्म, कर्म व धर्म को निभाते हुए साहित्य रचते, गढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ स्वामी अपने गहन अनुभवों के साथ वर्तमान परिस्थिति को विचारों के साथ गीत कविता गजल को शब्दों में ढाल सुन्दर पुस्तक का मूर्त रूप पाठकों तक पहुंचाते हैं।

- **कवि कथाकार डॉ. शंकरलाल स्वामी की तीन पुस्तकों का लोकार्पण**

लोकार्पित पुस्तक गजल गोठ पर डॉ. समीक्षा व्यास ने पत्रवाचन करते हुए कहा कि डॉ स्वामी की गजलें अध्यात्म और दर्शन की ओर ले जाती है जो आत्मा से परमात्मा तक की यात्रा करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि डॉ स्वामी की रचनाओं में जीवन के विविध विषय यथा प्रेम, भाईचारा, त्योहारों के रंग, स्त्री विमर्श, तिरंगा, संविधान, पर दुख, कातरता, भ्रष्टाचार विषयों पर लिखी गई है।

6450 बैग डीएपी खाद का वितरण

लूणकरनसर, (कासं)। खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के प्रयासों से लूणकरनसर क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिली है। रबी फसल की बुवाई से पहले शुक्रवार को क्षेत्र की चार सहकारी समितियों, एक निजी केन्द्र और एक क्रय-विक्रय सहकारी समिति पर कुल 6450 बैग डीएपी खाद का वितरण किया गया।

मानसून की विदाई के साथ रबी फसल की बुवाई का समय नजदीक आने पर किसानों को खाद की आवश्यकता थी। वितरण प्रक्रिया पुलिस की मौजूदगी में व्यवस्थित तरीके से पूरी हुई। इस दौरान उपखंड अधिकारी दयानंद रूयल ने बताया कि सूई जीएसएस पर 600 बैग, रोझा जीएसएस पर 600 बैग, नाथवाणा जीएसएस पर 650 बैग, एक निजी केंद्र पर 1000 बैग, लूणकरनसर जीएसएस पर 1800 बैग और तहसील क्रय-विक्र